कार्यालय जनपद न्यायाधीश, वाराणसी।

संख्या 1505 /XV/ नाजारात दिनांकः 03 अगस्त, 2015

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सेशन हाउस/जिला जज आवास पर स्थित 04 पुराने लकड़ी (साखू) की धरन एवं जनपद न्यायालय वाराणसी के पूरब तरफ सड़क के पार स्थित न्यायालय के जमीन पर गिरे एक बहुत पुराने शीशम का पेड़ आदि (जहॉ है, जिस अवस्था में है।) की संयुक्त नीलामी दिनांक 18.08.2015 को सायं 04:00 बजे जनपद न्यायालय के मनोरंजन कक्ष में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष की जायेगी। जिस व्यक्ति को उक्त नीलामी में भाग लेना हो, वह उक्त समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति उक्त का निरीक्षण किसी भी कार्यालय दिवस व अवधि में नजारत कार्यालय के माध्यम से कर सकते है। संयुक्त नीलामी की न्यूनतम बोली रू0 50,000/— निर्धारित है।

नीलामी बोली में भाग लेने वाले प्रत्येक बोली दाता को बोली से पूर्व रू0 5,000/— (रू0 पांच हजार मात्र) दिनांक 18.08.2015 तक जमानत के रूप में जमा करना होगा। नीलामी सबसे अधिक बोली पर समाप्त की जायेगी। बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोलीदाता को तुरन्त जमा करना होगा तथा नीलाम हुए उक्त पेड़ व लकड़ी की धरन को 03 दिन के अन्दर उठा लेना होगा। नीलामी की अन्तिम स्वीकृति जिला जज, वाराणसी द्वारा दी जायेगी। जिला जज महोदय को बिना कोई कारण बताये नीलामी निरस्त करने तथा अन्य कोई निर्णय लिये जाने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(मो0 असलम)
अपर जिला एवं सेशन जज, कक्ष सं0 1
अध्यक्ष—क्रय विक्रय समिति/
जनपद न्यायालय, वाराणसी।